गेल
GAIL
गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2020

13.08.2020

1. सूची विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नंबर सी / 1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051	2. सूची विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फीरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001

प्रिय महोदय/महोदया,

कृपया **" गेल ने वित्त वर्ष 21 के प्रथम तिमाही में 12,060 करोड़ रुपए का टर्नओवर तथा 256 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ दर्ज किया"** की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

आंनम कुछ.

कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :
ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने वित्त वर्ष 21 के प्रथम तिमाही में 12,060 करोड़ रुपए का टर्नओवर तथा 256 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ दर्ज किया

नई दिल्ली, 13 अगस्त 2020 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 21 के प्रथम तिमाही में टर्नओवर 12,060 करोड़ रुपए, कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 356 करोड़ रुपए तथा कर पश्चात लाभ (पीएटी) 256 करोड़ रुपए दर्ज की है जबकि वित्त वर्ष 20 के प्रथम तिमाही में यह क्रमश: 18,276 करोड़ रुपए, 1,981 करोड़ रुपए तथा 1,288 करोड़ रुपए था।

वित्तीय निष्पादन में हुई तीव्र गिरावट का मुख्य कारण तिमाही के आरंभ में लागू देशव्यापी लाकडाउन के कारण वास्तविक निष्पादन पर व्यापक प्रभाव पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप पेट्रोकेमिकल, तरल हाइड्रोकार्बन तथा प्राकृतिक गैस की कीमतों में कमी हुई।

तिमाही के दौरान प्राकृतिक गैस संचरण एवं विपणन की मात्रा क्रमश: 90.22 एमएमएससीएमडी एवं 81.16 एमएमएससीएमडी रही, जबकि वित्त वर्ष 20 के प्रथम तिमाही में यह क्रमश: 105.41 एमएमएससीएमडी तथा 96.55 एमएमएससीएमडी थी। तिमाही के दौरान पेट्रोकेमिकल की बिक्री तथा तरल हाइड्रोकार्बन की बिक्री क्रमश: 183 टीएमटी एवं 265 टीएमटी रही, जबकि वित्त वर्ष 20 के प्रथम तिमाही में यह क्रमश: 136 टीएमटी एवं 296 टीएमटी थी।

तिमाही के दौरान समेकित ग्रुप टर्नओवर 12,152 करोड़ रुपए रहा जबकि वित्त वर्ष 20 के प्रथम तिमाही में यह 18,445 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 20 के प्रथम तिमाही में 1,502 करोड़ रुपए की तुलना में इस तिमाही में ग्रुप पीएटी 654 करोड़ रुपए है।

श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने कहा कि लॉकडाउन में प्रदान की जा रही क्रमिक छूट और आर्थिक गतिविधियों में हो रही वृद्धि के द्वारा कम्पनी ने सभी क्षेत्रों में के वास्तविक निष्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की है तथा वर्तमान समय में लॉकडाउन से पूर्व की भांति प्रचालित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि लॉकडाउन के कारण प्रथम तिमाही के दौरान कैपेक्स प्रभावित हुआ, परंतु गेल को शेष तिमाही के दौरान कैपेक्स में अत्यधिक सुधार की उम्मीद है।